# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 08-03-2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयी:-

**1- थाना पाकबडा पुलिस द्वारा वांछित/ मफरूर, 25000/- रुपये के पुरुष्कार घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार।**




अवगत कराना है कि दिनांक 09.12.2021 को आवेदक आबकारी निरीक्षक श्री सिद्धार्थ विक्रम सिंह हाल तैनाती आबकारी निरीक्षक सेक्टर 3 मुरादाबाद की दाखिला तहरीर के आधार पर थाना पाकबडा पर पंजीकृत मु0अ0स0-374/2021 धारा 63/72 आबकारी अधिनियम व 420/467/471 भादवि बनाम 1.मोटाराम पुत्र रामाराम निवासी जायेडू तहसील व थाना रामसर , बाडमेर राजस्थान 2. नसीब रियाजुल पुत्र नायाब रियाजुल निवासी रेलवे रोड सम्भल जिला सम्भल के विरूद्ध पंजीकृत किया गया। विनेचनात्मक/साक्ष्य संकल्न की कार्यवाही के आधार पर नामित अभियुक्त नसीब रियाजुल पुत्र नायाब रियाजुल उपरोक्त का नाम अभियोग से पृथक किया गया तथा अभियुक्त मोटाराम पुत्र रामाराम निवासी जायेडू तहसील व थाना रामसर , बाडमेर राजस्थान के विरुद्ध मफरुरी मु0अ0सं0- 171/2023 धारा- 174 भा0द0वि0 पंजीकृत करते हुये आरोप पत्र संख्या 222/2023 दिनांक 08.08.2023 मे मफरुरी में आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। अभियुक्त मोटाराम उपरोक्त तभी से फरार चल रहा था।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने तथा वांछित/पुरस्कार घोषित,मफरूर अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद व क्षेत्राधिकारी हाईवे के निकट नेतृत्व एवं पर्यवेक्षण में थाना पाकबड़ा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये दिनांक 07.03.2025 को मुकदमा उपरोक्त में वांछित/ 25000/-के पुरुष्कार घोषित अपराधी अभियुक्त मोटाराम पुत्र स्व 0रामाराम निवासी ग्राम जायेडू थाना रामसर जिला बाड़मेर राजस्थान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-**

1.मोटाराम पुत्र स्व0 रामाराम निवासी ग्राम जायेड़ू थाना रामसर जिला बाड़मेर राजस्थान।

**आपराधिक इतिहास-**

1-मु0अ0स0-374/2021 धारा 63/72 आबकारी अधिनियम व 420/467/471 भादवि0

2-मु0अ0सं0- 171/2023 धारा- 174 भा0द0वि0

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1-प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद।

2- उ0नि0 चन्द्रकान्त बालियान थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद।

3-हे0का0 राजकुमार थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद।

4-का0 मोहित कुमार थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद।

5- का0 सचिन कुमार थाना पाकबड़ा,जनपद मुरादाबाद।

**2-थाना सिविल लाईन्स पुलिस द्वारा अवैध चरस के साथ 01 तस्कर को किया गिरफ्तार।**




अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थो के निर्माण/तस्करी में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.03.2025 को थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा अभियुक्त शिव कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी नया गांव थाना सिविल लाईन मुरादाबाद को 450 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध मे थाना सिविल लाईन्स पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-159/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट अधिनियम पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1. उ0नि0 अरूण वर्मा थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
2. का0 मनोज कुमार थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।
3. का0 सुधीर कुमार थाना सिविल लाईन्स, जनपद मुरादाबाद।

## 3-थाना मूढ़ापाण्ड़े पुलिस द्वारा चोरी की 02 घटनाओं का अनावरण करते हुये 01 आरोपी को किया गिरफ्तार व कब्जे से चोरी का माल बरामद।



अवगत कराना है कि दिनांक 04.01.2025 को वादी राकेश कुमार चन्द्रा पुत्र श्री रामभरोसे निवासी ग्राम सहरिया थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की दुकान का ताला तोड़कर मोबाईल, व नगद रुपये को चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना मूढ़ापाण्डें पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 02/2025 धारा- 331(4), 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 06.01.2025 को वादी जुल्फेकार पुत्र ताहिर हुसैन निवासी ग्राम खानपुर लक्खी थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद ने अज्ञात चोर द्वारा वादी की दुकान से पुरानी व नई चांदी के आभूषण व नगद रुपये चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 07/2025 धारा- 331(4), 305 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक /साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के आधार पर उक्त अभियोगो में अभियुक्त करन उर्फ बब्बू उर्फ चिरंजी पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम हिरनखेडा थाना मूढ़ापाण्डें जनपद मुरादाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचना के क्रम में आज दिनांक 08.03.2025 को थाना मूढ़ापाण्डें पुलिस द्वारा अभियुक्त करन उर्फ बब्बू उर्फ चिरंजी उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का माल 02 जोडी पाजेब सफेद धातु (चांदी), रबड के टाप्स के लाक व एक मोबाइल ITEL कम्पनी का बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 4-थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अवैध चाकू के साथ 01 आरोपी को किया गिरफ्तार।



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा अवैध शस्त्र निर्माण/तस्करी व अवैध शस्त्र धारकों व अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.03.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त अजीम पुत्र छोटे निवासी ग्राम छतौनी थाना सैफनी तहसील शाहबाद जनपद रामपुर को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली नगर पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 29/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-**

1-म0उ0नि0 सुनीता चौधरी

2-उ0नि0 मनोज कुमार

3-हे0का0 सचिन कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद मुरादाबाद।

**5-थाना कटघर पुलिस द्वारा दूसरे के स्थान पर हाईस्कूल की परीक्षा दें रहे 02 आरोपीगण को किया गिरफ्तार।**




अवगत कराना है कि दिनांक 07.03.2025 को वादी श्री मुनेन्द्रपाल सिंह केन्द्र व्यवस्थापक परीक्षा केन्द्र पण्डित दीन दयाल उपाध्याय इण्टर कालिज रुस्मपुर बढमार (ऊंचागांव) ने आरोपीगण द्वारा दुसरे परीक्षार्थी के स्थान पर परीक्षा देते पकडें जाने के संबंध में तहरीर सूचना के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0-133/2025 धारा 318(4) बीएनएस व धारा 8(3) उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनो का निवारण) अधिनियम बनाम 1. समीर राजपूत पुत्र श्री विजय कुमार निवासी निवासी दुर्गेशनगर डबल फाटक मुरादाबाद 2. बिकू पाल पुत्र श्री हिमंचल सिंह निवासी ग्राम हुसैनपुर हमीर, सिमलाठेर थाना कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया । विवेचनात्मक/साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के आधार पर थाना कटघर पुलिस द्वारा आरोपीगण समीर राजपूत व बिकू पाल उपरोक्त को हिरासत पुलिस लेकर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया । अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है ।

**6- थाना बिलारी पुलिस ने 01 वारण्टी को किया गिरफ्तार ।**



अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण व अपराधीयो पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, वांछित /वारण्टीयों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 07.03.202 की रात्रि में उ0नि0 विनय कुमार थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के वारण्टी शाने आलम पुत्र कल्लू पहलवान निवासी रुस्तमनगर सहसपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मुकदमा न0-9205/19 अ0सं0 193/19 धारा 13 जी एक्ट, थाना बिलारी को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।

**7-जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने वाले 03 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया।**





अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 08.03.2025 को जनपदीय पुलिस द्वारा संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना कटघरः-**

1. अनन्त जोशी पुत्र अरविन्द जोशी निवासी गोविन्द नगर, पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद
2.आशीष श्रीवास्तव पुत्र अशोक निवासी गोविन्द नगर, पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**थाना बिलारीः-**

कृष्णा पुत्र हरकिशोर निवासी ग्राम चिड़िया भवन थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।